Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 30-09-2021 | अंक 14

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941





# पश्चिम बंगाल से सटे झारखंड के 10 जिलों में भारी बारिश के आसार

## रांची में 2 दिन में 4 डिग्री सेल्सियस गिरा पारा, जल जमाव से लोग परेशान

**अपेम लाइव बरही**





साईक्लोन के कारण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के असर झारखंड में दिखने लगा हैं। झारखंड में गुरुवार को राज्य के सभी 24 जिलों में बारिश हो रही है। बुधवार से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश शुरू हो गई थी। निम्न दबाव प0. बंगाल से धनबाद होते हुए गुजरा है। गुरुवार को इसका असर पूरे राज्य में दिखने लगा हे। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिको के अनुसार कि गुरुवार से राज्य के सभी 24 जिलों में बारिश होगी। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक बारिश के आसार हैं। इसमें बीच बीच में आंधी तूफान की भी संभावना है। वहीं, पश्चिम बंगाल से सटे झारखंड के इलाके देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जा. मताड़ा, पाकुड़ व साहिबगंज समेत पूर्वी-पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा व सरायकेला-खरसावां के अलावा राज्य के पश्चिमी हिस्से पलामू, चतरा, गढ़वा, हजारीबाग, कोडरमा, लातेहार व लोहरदगा में कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है।

बुधवार को धनबाद में सबसे अधिक 70 मिमी बारिश हुई। वहीं रांची में 7 और जमशेदपुर में 9 मिमी बारिश दर्ज की गई। रांची में लगातार बारिश से तापमान में गिरावट का दौर जारी है। बारिश के कारण रांची सहित अन्य सभी जिलों में के उच्चतम पारे में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को रांची का अधि. कतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस था जो जो अब घटकर में 26.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। बरही में भी कुछ ऐसा ही नजारा दिखने को मिल रहा है।

### न्यूज़ ब्रीफ

## सड़क के बीचोबीच बने बड़े बड़े गड्ढे

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही धनबाद रोड में स्तिथ वैष्णवी ऑटोमोबाइल के सामने पिछले एक महीनों से रोड में बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। जिससे बाइक सवार राहगीरो को



सडक मे बने गडढे

आने जाने में बहुत मुश्किल होती है। आपको बता दे कि अपेम लाइव न्यूज़ के माध्यम से इस रोड की स्तिथि से यहाँ के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया था लेकिन इस पर किसी ने ध्यान नही दिया। आपको बता दे कि इसी रोड से बरही के लगभग अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आते जाते है। लेकिन अभी तक किसी का ध्यान इस ओर नही गया है।

## पैक्स अध्यक्ष का चुनाव की तिथि निर्धारित

**अपेम लाइव बरही**

**बिरेन्द्र कुमार**



संजय यादव

बरही प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी संजय यादव ने बताया कि रसोइया धमना पंचायत में 22 अक्टूबर को नामांकन दाखिल व नाम वापसी एवं विशेष आमसभा 2 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। खोड़ाहार पंचायत में 01 नवम्बर को नामांकन दाखिल व नाम वापसी एवं 14 नवम्बर को आमसभा आयोजित किया जाएगा। केदारुत पंचायत में 16 नवम्बर को नामांकन दाखिल व नाम वापसी एवं 26 नवम्बर को आमसभा आयोजित किया जाएगा। वहीं गौरियाकरमा पंचायत में 22 अक्टूबर को नामांकन दाखिल व नाम वापसी एवं 2 नवम्बर को विशेष आमसभा आयोजित की जाएगी।

## बरही में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाई गई जितीया पर्व

### महिलाओ ने अपने बच्चों की दीर्घायु एवं परिवार की सुख समृद्धि के लिए रखा निर्जला उपवास

**अपेम लाइव बरही**

**उषा रानी**



जिउतिया व्रत करती एनआरसी की महिलाएं

बरही में शांति सौहार्द, श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ जितीया पर्व मनाया गया। महिलाएं अपने बच्चों की दीर्घायु एवं परिवार की सुख समृद्धि के लिए निर्जला उपवास रखकर पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना का कार्य बुधवार देर रात तक चली। जितिया व्रत के पहले दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले जागकर स्नान करके पूजा की। उसके बाद भोजन ग्रहण की। दूसरा दिन निर्जला उपवास रखी। अगले दिन सुबह सुबह स्नान के बाद पूजा अर्चना करते हुए पारण की। पारण के दिन सात तरह की सब्जियां बनाने की परंपरा का पालन करते नजर आई। पंडित सुरेश शर्मा के अनुसार अष्टमी को प्रदोषकाल में महिलाएं जीमूतवाहन की पूजा करती है। जीमूतवाहन की कुशा से निर्मित प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाती है। इसके साथ ही मिट्टी और गाय के गोबर से सियारिन और चिल की प्रतिमा बनाकर उनके माथे पर टीका लगाया जाता है। पूजन समाप्त होने के बाद जीवीतपुत्रिका व्रत की कथा सुनी जाती है। गुरुवार देर रात न्यू रेलवे कॉलोनी में सामुहिक तौर पर जितीया व्रत की पूजन पंडित सरयु पांडेय के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ कराई गई। मौके पर आस पास के दर्जनों महिलाएं शामिल रही। इनमें उषा रानी, पन्नम सिंह, पिंकी देवी, अंजु देवी, उमा देवी, नीतू देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### ऐसी भी होती हैं जनप्रतिनिधि

## जिउतिया व्रत में उपवास रहने के बाद भी नवजात बच्चे की जान बचाने हजारीबाग पहुंच गई बरकट्ठा की जिप सदस्या कुमकुम देवी

### अपनी जिम्मेदारी पर आयुष्मान कार्ड से बच्चे की कराई भर्ती, इलाज कराया, बच्चा खतरा से बाहर, हो रही है सराहना

**अपेम लाइव बरही**

**उषा रानी**



नवजात बच्चा को भर्ती कराकर इलाज कराती कुमकुम देवी

दिन हो या रात। धूप हो या बरसात। एक ऐसी कर्मयोगी जिसे दूसरों की सहायता करके ही आत्म. संतुष्टि मिलती है। नाम है बरकट्ठा प्रखंड की जिप सदस्या कुमकुम देवी। यूं तो इनके द्वारा एकाध दिन छोडकर रोज ही किसी न किसी मानव की सेवा अस्पतालों में जाकर किया जाता है। लेकिन कुछ ऐसे विशेष दिन होते हैं जिस दिन पूजा अर्चना हेतु उपवास रखना पडता है और उपवास के दिन भी यदि कोई सेविका किसी के बुलाने पर अस्पताल पहूंच जाए तो सहसा उस सच्ची सेविका के प्रति आम जन का सम्मान बढ जाता है। बुधवार को जिउतिया के लिए उपवास था। लोग अपने अपने घरों में थे। दोपहर के समय एक नवजात शिशु की मां का फोन आता है । वो करुण स्वर में जिला परिषद सदस्या कुमकुम से कहती है। .मेरे पति मुंबई में हैं। मैं गयपहाडी गाँव से आई हूँ। आठ महीने में ही बच्चे का जन्म हो गया है। बच्चे की जान बचानी है। क्षितिज हास्पिटल में भर्ती नहीं ले रहा है। कुछ उपाय की ममता क्या होती है एक मां ही समझ सकती है। जिप सदस्या कुमकुम उस मां को नवजात बच्चे को लेकर आरोग्यम अस्पताल बुलाती है। उसके आने से पहले ही कुमकुम अस्पताल गेट पर खडी रहती है। आयुष्मान कार्ड के तहत मुफ्त ईलाज के लिए प्रक्रिया पूरा करवाती है। जल्दबाजी में नवजात की मां आयुष्मान कार्ड घर में ही छोड दी थी। कुमकुम आयुष्मान कार्ड जमा करवाने का जिम्मा अपने उपर लेकर नवजात को भर्ती करवाती है। नवजात ईलाजरत है और खतरे से बाहर है। नम आंखों से नवजात की मां कुमकुम को तब तक निहारती है । जब तक कुमकुम उसके आंखो से ओझल न हो गई। ऐसी भी होती हैं जनप्रतिनिधि । जिन्होने उपवास में रहते हुए अपनी कर्तब्य एवं जिम्मेदारी की प्राथ. मिकता दी। ऐसे मातृ शक्ति को सैल्यूट होनी चाहिए। झारखंडी एकता संघ ने जिप सदस्या कुमकुम देवी की इस कार्य की काफी सरहना एवं प्रशंसा की है। झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव बिनोद प्रसाद ने इस तरह की समाजिक कार्य करने वाली कुमकुम देवी के संदर्भ में बस इतना ही कहाः- ऐसे भी होती है जनप्रतिनिधि !

## अनुमंडलीय अस्पातल से छोटे छोटे इलाजों के लिए मरीजो को किया जाता है रेफर, व्यवस्था चौपट : यमुना यादव

**अपेम लाइव बरही**

**सोनू पंडित**



रेफर करने के बाद मरीज को ले जाते परिजन

बरही प्रखंड अंतर्गत करसो निवासी मोसोमात बंधनी देवी पति स्व मुनि महतो अपने घर मे पिछलकर गिर गयी । जिससे उनकी हाथ मे फ्रैक्चर हो गया। उनके परिजनों ने इलाज के लिए उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ उसे एक्सरे कराने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टरों ने हजारीबाग रेफर कर दिया। मरीज को देखने अस्पताल पहुंचे कांग्रेस के युवा नेता यमुना यादव ने कहा कि इस अस्पताल में किसी भी प्रकार का कोई सुविधा नही है। उन्होंने बताया कि यह एक अनुमंडलीय अस्पताल है, लेकिन यहाँ पर एक्सरे नही की जाती है। जिससे एक्सरे कराने के लिए मरीजो को किसी प्राइवेट हॉस्पिटल या फिर सदर अस्पताल भेज दिया जाता है। अब आप सोच सकते है कि इस अस्पताल की क्या स्थिति है। उन्होंने कहा की इस स्थिति में सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों को हो जाती है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि अगर इस अस्पताल में सभी मशीनों की व्यवस्था अगर हो जाती है तो यहाँ के गरीब लोगों को बहुत फायदेमंद होता। उन्होंने यहाँ के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि इस अस्पताल पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।


डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल की लापरवाही के कारण राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ कार्यक्रम की नही हो पाई शुरुआत, राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय टीम के निरीक्षण में हुआ खुलासा

## नही मिल पा रहा है केंद्र व राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी कार्यक्रम युवा मैत्री केंद्र का लाभ, निरीक्षण टीम ने व्यक्त की नाराजगी, जल्द केंद्र को शुरू करने का निर्देश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार/ बिरेंद्र**




राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ कार्यक्रम की जानकारी लेते केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय टीम

यूं तो बरही अनुमंडलीय अस्पताल की लचर व्यवस्था से आम जन खासे परेशान हैं ही। लेकिन अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ एसएसपी सिंह, बीपीएम नारायण राम एवं अस्पताल की कर्ता धर्ता का चोला पहने हुए कुछ कर्मी की उद.ासीनता लापरवाही ,एवं रूचि नही लेने के कारण सरकार की कई कार्यक्रम फलॉप हो चुके हैं और कई फलॉप होने वाले हैं। एसा ही एक कार्यक्रम का पोल तब खुला जब केंद्र एवं राज्य स्तरीय टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण कर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ कार्यक्रम की जानकारी ली। हलांकि इस कार्यक्रम में बीटीटी क ये़ोगदान ज्यादा रहा हैं, लेकिन इनहे सर्पोट नही मिलने के कारण अब तक इस कार्यक्रम को धरातल पर नही उतर पाया है।

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे प्रोग्राम के अंर्तगत केंद्र से आई हुई टीम के दीपक कुमार तथा राज्य टीम से रफत फरजाना ने आज अनुमंडलीय अस्पताल का दौरा कर कार्यक्रम के विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पाया कि अनुमंडलीय अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही कार्यक्रम अब तक चालू नही हो पाया। कार्यक्रम कागजो में ही सिमट कर रह रहा है। जानकारी के मुताबिक इस का;क्रम के तहत साथि;ा का चुनाव कई महीनों पूर्व में किया जा चुका , बावजूद इसके किसी भी कार्य को नही किया जा रहा है। इस संबंध में टीम ने कडी नाराजगी जाहिर करते हुए डीएस को फटकार भी लगाई। ज्ञात हो कि इस प्रोग्राम के तहत सभी गांवों जहां की आबादी 1000 है वहां से दो पीएर एडुकेटर का चयन तथा 500 की आबादी पर एक साथीया का चयन किया जाना है। कई महीनों पूर्व चयन के बाद भी कार्य शुरु नही करना अनुमंडलीय अस्पताल की लापरवाही को दर्शाता है। इसके लिए मुख्य तौर पर डीएस एवं बीपीएम जिम्मेदार है। निरीक्षण के बाद टीम ने आंगनबाडी केंद्रों तथा कस्तूरबा विद्यालय का दौरा भी किया और उनकी समस्या सुनी।

**युवा मैत्री केंद्र से युवाओं को नही मिल रही कोई सुविधाः** अनुमंडलीय अस्पताल में युवा मैत्री केंद्र की स्थापना कर युवाओ को कई सुविधा, तथा जानकरियां उपलब्ध कराई जानी है। इसके तहत युवक, युवतियों को अपनी समस्याओं से संबंधित जानक.ारी जैसे धूम्रपान, नशा एवं अन्य किसी भी तरह की मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं का समाधान के लिए केंद्र बनायाा जाना था। पर आज तक इस पर कोई पहल नहीं करना अनुमंडलीय अस्पताल की बडी लापरवाही को दर्शाता है। इस संबंध में डीएस से पूछे जाने पर उन्होंने कोविड का बहाना बनाकर बताया कि कोविड के कारणा युवा मैत्री केंद्र का कार्य नही चल पाया तथा बहुत जल्द केंद्र को शुरु करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला से डीपीसी, डीएस डॉ शशि शेखर प्रसाद सिंह, बीपीएम नारायण राम, विनय सिंहा, बीटीटी रीमा पांडे; सहियाा तथा चयनित साथियां भी मौजूद रहे।

## खोया प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करने में जुटा डॉ बीएन विद्यालय, तीन बच्चे नवोदय में सफल

**अपेम लाइव चौपारण**
**किशोर कु0 राणा**



बसंत नारायण उच्च वि0 चौपारण

बसरिया में संचा.लित डॉ बसंत नारायण उच्च विद्यालय अपने स्थापना काल से ही बच्चों के भविष्य गढ़ कर कई बच्चों को सफलताओं के शिखर तक पहुँचाया। समय बिता पुराने शिक्षक रिटायर्ड हुए, शिक्षको व संसाधनों की कमी के कारण स्कूल अपने बुरे दौर से गुजरने लगा। लेकिन धीरे धीरे पुनः स्कूल अपनी खोयी प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करने में जुट गया है। नए दौर के शिक्षको की बहाली कर व स्कूल संचालन व्यावस्था दुरुस्त कर स्कूल फिर से नई ऊर्जा नए तकनीकों के साथ उभर रहा है। हाल ही में नवोदय विद्यालय हजारीबाग ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। परीक्षा परिणाम में चौपारण प्रखण्ड से चार बच्चों ने सफलता हाशिल किया। सफल बच्चों में तीन बच्चे आनंदी कुमारी पिता बसंत कुमार रजक, सानिया कुमारी पिता लिलधारी रजक एवं सागर कुमार पिता अनिल कुमार देव डॉ बी एन सिंह उच्च विद्यालय बसरिया छात्र है। बच्चों ने शिक्षक अशोक कुमार को अपने सफलता का श्रेय दिया जिन्होंने क्लास बंद रहने के बावजूद घर जाकर शिक्षा दिया व सफलता तक पहुँचाया। उतिर्ण बच्चों को बधाई देने वालों मे विद्यालय प्रबंधन के साथ बरवाडीह निवासी अधिवक्ता मुकेश कुमार सिन्हा, गजाधर प्रसाद , बसरिया पंसस मीना देवी , मुखिया सह् प्रधान नरेश पासवान, पिंटू सोनी, रवि सोनी, राजेश कुमार साव सहित कई लोग शामिल हैं

## भूख हड़ताल पर बैठे मृतक ओम कुमार साव के माता-पिता ने किया हड़ताल समाप्त

### एसपी ने किया एसआईटी गठन, अभियुक्तों की होगी जल्द गिरफ्तारी

**अपेम लाईवः चंदवारा**
**धीरज कुमार**




भुख हडताल समाप्त करवाते अधिकारी

डोमचांच थाना कांड संख्या 46/2021 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के मांग को लेकर 28 सितंबर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे मृतक ओम कुमार साव के पिता राजू साव एवं मां को कोशीला देवी ने पुलिस द्वारा एसआईटी गठन कर जल्द अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के आश्वासन पर भूख हड़ताल समाप्त कर दिया। उन्हें कोडरमा डीएसपी संजीव कुमार सिंह, एसडीपीओ अशोक कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाया। मौके पर पुलिस पदाधिक.ारियों ने कहा कि हत्या में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। जल्द हत्यारा पुलिस गिरफ्त में हा.ेगा। इधर कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा मामले के उद्भेदन करने एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के लिए एसआईटी गठित किया गया है। जिसमें पुलिस निरीक्षक निरंजन उरांव, अंचल पुलिस निरीक्षक डोमचांच, पुलिस अवर निरीक्षक शशिकांत कुमार थाना प्रभारी डोमचांच थाना, पुलिस अवर निरीक्षक नवीन होरो डोमचांच थाना, पुलिस अवर निरीक्षक अमृता खलखो प्रभारी अनुसूचित जाति-जनजाति थाना कोडरमा, पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार पासवान डोमचांच थाना व तकनीकी कोषांग पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा से एक आरक्षी को रखा गया है। भूख हड़ताल समाप्त करवाने के दौरान भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, महिला नेत्री सोनिया देवी, अंचल मंत्री प्रदीप रजक, रामेश्वर यादव, कोडरमा पुलिस को सहयोग करते हुए कहा कि इस मामला को एक माह में उद्भेदन करने की कोशिश की जाए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि एक माह में मामले का उद्भेदन नहीं होने पर पुनः आंदोलन करने पर विचार किया जाएगा।

## राजेन्द्र प्रसाद निर्विरोध चुने गए धनवार पैक्स अध्यक्ष

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



पैक्स अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा

बरही प्रखण्ड के धनवार पंचायत के पैक्स चुनाव में कोरियाडीह निवासी राजेन्द्र प्रसाद अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुने गए है। प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी संजय यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक आवेदक ने ही नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा मलकोको से भी लक्ष्मण कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वह भी निर्वरोध जीत गए। नामांकन दाखिल व नामांकन वापसी की तिथि धनवार में 20 अगस्त तक थी। इसके तहत अन्य किसी आवेदक ने अपना नामांकन नहीं किया। इसको लेकर अध्यक्ष पद हेतु राजेन्द्र प्रसाद को निर्विरोध उम्मीदवार घोषित किया गया। इधर निर्विरोध उम्मीदवार बने राजेन्द्र प्रसाद को लोगों ने बधाई दिया। जानकारी देते हुए राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि जनता की सेवा सच्चे मन और लगन से करता आया हूँ और आगे भी करूँगा। साथ ही कहा कि पैक्स का अधिकार और अधिक से अधिक किसानों को पैक्स से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पैक्स के माध्यम से किसानों के समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। स्थानीय लोगों ने कहा कि पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के सामाजिक कार्यों में रुचि और पंचायत के लोगों के प्रति समर्पित भाव से सेवा का प्रतिफल है कि उन्हें पंचायत के लोगों ने निर्विरोध चुना है। उन्होंने कहा कि मुझे जिस आशा और विश्वास के साथ धनवार पंचायत के लोगों ने पैक्स अध्यक्ष के लिए निर्विरोध चयन किया है। मैं उसी विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता होगा गरीब किसानों के कृषि कार्य के लिए साधन-संसाधन उपलब्ध कराना और उनके फसलों का उचित मूल्य दिलाना। हम राईस मिल और युवाओं को रोजगार के लिए प्रयास करेंगे।

आप भी है पत्रकार
अपनी आस पास की समस्या एवं घटना से हमे सूचित करें । आपका समाचार को भी अपेम लाइव न्यूज में स्थान दिया जाएगा।
संपर्क : 9122222016
बिरेंद्र कुमार(डेस्क प्रभारी)

## ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास अभियान 2021 से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कल

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



अरविंद देवाशीष टोप्पो

बरही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने स्थानीय सांसद, विधायक, प्रखण्ड के सभी जिला परिषद सदस्य, प्रखण्ड स्तरीय कार्यकारी समिति अध्यक्ष सह कार्यकारी प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, अंचलाधिकारी बरही को जानकारी देते हुए बताया है कि ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास अभियान 2021 से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम एक अक्टूबर को प्रातः ग्यारह बजे किया जाएगा। इस बाबत बरही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अर.विंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि कार्यशाला में ग्रामीणों की आस मनरेगा अभियान के विषय में कर्मियों को विस्तृत जानकारियां दी जाएगी। जिससे कर्मी ग्रामीणों को बेहतर तरीके से अवगत करवाकर मनरेगा से ग्रामीणों को लाभ दिला सके

बरही पूर्वी भाग के भावी जिप प्रत्याशी मुनेजा खातून क संकल्पः-



मुनेजा खातुन
जिप सदस्या, बरही पूर्वी



मो क्यूम
जिप प्रतिनिधि

शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, बिजली, पेयजल, पक्की सडक की व्यवस्था हमारी प्राथमिकता।
एक बार पुनः सहयोग की अपेक्षा।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

# बरकट्ठा एवं चलकुसा प्रखंड में रोजगार की असीम संभावनाएं,फिर भी पलायन बड़ी समस्या,आखिर क्यों ?

## सामुहिक प्रयास की दरकार, जनप्रतिनिधियों को सार्थक पहल की जरूरत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**







जहां देश के 70 फीसदी खनिज झारखण्ड में पाए जाते है। इसके बावजूद प्रदेश में बेरोजगारी अपनी चरम पर है ।गांवो में रोजगारों का सृजन की चर्चा होती है तमाम विकास का आंकडें रखने वाली सरकारी एजेन्सियों व स्वयंसेवी संस्थाओं के दावों को झुठलाते जिले का सुदूर बरकट्ठा व चलकुशा प्रखंडों में आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद किसी भी जतह की रोजी रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकार विफल रही है ज्ञात हो दोनों प्रखंडों की संयुक्त आबादी लगभग दो लाख है, जो की बेरोजगारी व तंगहाली में परेशान है। इन दो वर्षो में कोरोना की विभीषिका ने हर आम व खाश को परेशान व बेरोजगारी का उपहार दिया है। आबादी बढ़ने के साथ साथ क्षेत्र में बेरोजगारी के कारण लोग पलायन करके बाहर राज्यों में मजदूरी करके अपने व अपने परिवार वालों का भरण पोषण करते है। आज क्षेत्र का अधिकांश युवक मुम्बई पुणे कोल. कता समेत दक्षिण राज्यों के बड़े शहरो में मजदूरी करते हैं । झारखण्ड जैसे सम्पन्न प्रदेश के होने के बा. वजूद बेरोजगारी युवकों में ही नही बल्कि गोरहर गांव में तो पूरे गांव की बड़ी संख्या में ग्रामीण युगांडा, श्रीलंका, मयनमार, भूटान, सऊदी अरब, दुबई में भी अपनी मेहनत के बल पर मजदूरी करके अपना जीविक. ोपार्जन कर रहे हैं । अभी तक बरकट्ठा में रोजगार सृजन की कोई कोशिश नही की गयी है । जबकि आवगमन के लिए देश का महत्वपूर्ण एनएच 2 के किनारे बसे इस प्रखंड में रोजगार की असीम संभावना है ।

क्या है संभावना : ज्ञात हो हज़ारो एकड़ जमीन बरकट्ठा के उत्तरी क्षेत्र में बंजर पड़ी हुई है वहीं बरकट्ठा के दक्षिणी भाग व उत्तरी सलैया नदी में बड़ा डैम बनाकर पावर प्लांट जैसे महत्वपूर्ण कार्य जो रोजगार सृजन में मदद कर सकते हैं । दूसरी महत्वपूर्ण कार्य बराकर नदी व तिलैया डैम से नहर के माध्यम से पानी मुहैया करके बरकट्ठा के उत्तरी क्षेत्र जो खेती व मौसमी खेती के लिये जिले भर में स्थान रखते है, उन्हे सिंचाई के लिये पानी मुहैया कराकर बेरोजगारी को काफी हद तक कम किया जा सकता है ।सूर्यकुंड में गर्म पानी से बिजली बनाने की पुरानी चर्चा को अमलीजामा पहनाने से क्षेत्र में कुछ बेरोजगार युवकों को रोजगार मुहैया कराया जा सकता । सूर्यकुंड को ही पर्यटन के लिए विकसित करके रा. ेजगार के साधन उपलब्ध कराया जा सकता है । आज तक रोजगार सृजन के क्षेत्र अब तक कोई सार्थक पहल नही की गयी है । नही तो तस्वीर कुछ और होती । आज बड़ी संख्या में लोग पलायन को मजबूर नही होते । इस पर चिंतन मनन करने की जरूरत है। आवाज उठाने की जरूरत है। निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को उचित प्लेटफॉर्म पर अपनी बात रखने की जरूरत है। बेरोजगारी के मामले में दलगत भावना से उपर उठकर सोचने की जरूरत है।

# लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, जलाशय फिर से हुए जलमग्न

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**
**राजू यादव**

लगातार हो रही बारिश ने लोगों का दिनचर्या ही बदल कर रख दिया है। पहले तो रुक-रुककर बारिश शुरू हुई तो बुधवार शाम से लगातार बारिश होने लगी है। जिससे लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। कई मिट्टी के घर गिर गए हैं तो सभी ताल-तलैया, खेत-खलिहान एक बार फिर जलमग्न हो गए हैं। सड़कों पर जलजमाव दिखने लगा है। चौक-चौराहों पर दुकानों में ग्राहक नहीं पहुंच पा रहें हैं, जिससे उनके समक्ष भी बड़ी परेशानी आ पड़ी है। टाटीझरिया का प्रायः गुलजार रहनेवाला गुलाबजामुन होटल सुनसान पड़ा हुआ है। सब्जी विक्रेता चौक पर सब्जी ले कर जरूर बैठे हैं, पर उनके पास खरीददार नहीं पहुंच रहें हैं। विद्यालयों में केवल शिक्षक नज़र आये, विद्यार्थी विद्यालय भी नहीं पहुंचें। प्रायः लोग घरों में ही दुबकना बेहतर समझा।

# विधायक ने बीडीओ को पीएम आवास के बाहर बोर्ड लगाने का दिया निर्देश

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**


निरीक्षण करते विधायक व अन्य

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने दिन बुधवार चलकुशा प्रखंड मुख्यालय का निरीक्षण किया इस दौरान प्रखंड विकास पदा. धिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवं अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर से मुलाकात कर जनता से जुड़ी जन समस्याओं से अवगत कराया साथ ही चलकुशा पंचायत के ग्राम बाराडीह मे पूर्व में जले हुए मकान के लोगों को प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराने की बात रखी है साथ ही चलकुशा प्रखंड में जितने भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवास के बाहर बोर्ड लगाने का प्रखंड विकास पदाधिकारी को निद. ेश दिया है। अब देखना यह है कि प्रखंड विकास पदा. धिकारी समरेश प्रसाद भंडारी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवास के बाहर बोर्ड लगाते हैं या नहीं, लोंगो का इंतजार रहेगा मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साव, उपप्रमुख दुर्गा यादव ,वरिष्ठ कार्यकर्ता भोला सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विजय चौधरी ,महामंत्री अजय सिंह, श्याम सुंदर यादव ,युवा मोर्चा अध्यक्ष वासुदेव यादव, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह ,मोहसिन कमाल, गोविंद चौधरी ,इंदर देव चौधरी ,वीरेंद्र यादव ,लखन साव, पिंटू मोदी, सुनील सिंह ,सुनील पासवान, रामदेव यादव,राज कुमार पंडित इत्यादि लोग उपस्थित थे

# होलंग के ग्रामीणों का पुराना खतियान से जमीन रसीद कटने से बढी परेशानी

## विद्यार्थियों के आय, जाति, आवासीय बनने में भी आ रही है समस्या, समाधान करने की मांग

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**
**राजू यादव**

टाटीझरिया पंचायत के होलंग के ग्रामीणों को इनदिनों काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इनकी परेशानी की वजह जमीन रसीद का पुराने खतियान से कटने के कारण उत्पन्न हुई है। इस समस्या के शिकार पूरे होलंग वासियों को झेलना पड़ रहा है। सन 1961-62 में गांव में माईनर सर्वे किया गया था परंतु इसे रजिस्टर टू में नहीं चढाया गया। यही कारण है कि आज भी इनकी जमीन की रसीद 1910-11 सर्वे के अनुसार ही कट रहा है। जबकि दोनों सर्वे का अपडेट मैच नहीं कर रहा है। अब जब इस गांव के विद्यार्थी अपने आय, जाति, आवासीय बनाने के लिए प्रखंड कार्यालय पहुंचते हैं तो खतियान और रसीद मैच नहीं होने से समस्या उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि जमीन रसीद ऑनलाईन कराये जाने पर बंडा पर्चा का डिमांड किया जाता है। यह बंडा पर्चा सभी गांव वालों के पास नहीं है। किसी-किसी के पास है तो किसी-किसी के पास नहीं है। इसकी शिकायत गांववालों ने कई बार किया है पर अब तक इसका समाधान नहीं हो सका है। होलंग निवासी रोहित पटेल, प्रमोद सिन्हा, डोमन महतो, सूरज महतो, बोधी महतो, बंधु महतो, प्रकाश महतो, इंद्रदेव महतो, जानकी महतो, कुंजलाल महतो, गुरुचरण महतो, तिलक महतो आदि ग्रामीणों ने इसके पहल की मांग जनप्रतिनिधियों व वरीय अधिकारियों से किया है।

# बंडासिंगा निवासी राजकुमार की पुत्री का इलाज के दौरान निधन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**


मृतक व परिजन

बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम बंडा. सिंगा निवासी राजकुमार गोस्वामी की पुत्री प्रीति देवी 25 वर्ष का देहांत हो गया।. उनका एक पुत्र 2 वर्ष का है। मौके पर बेलकपी मुखिया गुड्डी देवी और मुखिया पति अर्जुन राणा ने पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद देने का भरोसा दिया।बताते चलें कि प्रीति देवी का विवाह डोमच. ांच के तेतरियाडीह निवासी राजू गोस्वामी, पिता दिलीप गोस्वामी से हुआ था। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा ने बताया कि मृतका के पति के द्वारा लगातार मारपीट करने की शिकायत आ रही थी।उनके पति के द्वारा अधिक मार किये जाने के कारण कमर में फैक्चर हो गई थी जिससे क्षुब्ध होकर मृतका के पिता ने अपनी पुत्री को 1वर्ष पूर्व इलाज कराने हेतु अपने घर ले आए थे और इनका इलाज करवा रहे थे। इस 1 साल के दौरान उनके पति और ससुराल के लोगों द्वारा एक बार भी इनका हाल-चाल लेने के लिए ना ही कभी कोई आये और ना ही कभी फोन किए। इस क्रम में प्रीति देवी अपने पति पर केस कि थी।इसी बीच प्रीति देवी का अचानक तबीयत बिगड़ा और बुधवार को इलाज के दौरान इनका देहांत हो गया। इनके ससुराल में फोन करके सूचना दी गई और इनके ससुर और पति को भी कहा गया कि आप आ कर अपना पत्नी को ले जाएं, किंतु वे लोग पत्नी को लाने से इंकार कर दिये। इस बीच राजकुमार गोस्वामी ने गोरहर थाना से संपर्क कर सारी बातों की जानकारी दी तत्पश्चात थाना के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शव शाम को वापस आने पर दाह संस्कार किया गया।

**आज का पंचाड्ग----**

**आज का अंग्रेजी दिनांकः---01.10.2021**
**शुभसंवत् :---2078(आनंद)**
**शकेः---1943**
**याम्यायन सौम्यगोलेरू**
**ऋतुः---शरद**
**माहः---अश्विन**
**पक्षः--कृष्ण पक्ष**
**तिथिः---दशमी तिथि**
**दिनः---शुक्रवार**
**नक्षत्रः---पुष्य नक्षत्र**
**योगः---शिव**
**करणः---व**
**सूर्योदय :---प्रातः 06:06**
**सूर्यास्त : संध्या 05:54**

**सूर्य :---कन्या राशि में**
**चंद्रमा :---कर्क राशि में**
**आज का राहूकाल दिनः---10:30 बजे से**
**दिनः---12:00 बजे तक**
**अभिजीत मुहूतः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक**
**(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)**



**आलेखः---**
**संदीप शर्मा**
**(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)**
**पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा**
**सम्पर्क सूत्र-9931585660**

**अपेम लाइव न्यूज में विज्ञापन के लिए**
**संपर्क करें :- सोनू पंडित, मो0**
**9550809864**

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार   एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सर चढकर बोलने लगा चुनावी सरगर्मी उम्मीदवारी को लेकर युवाओं में होड़

## सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार जोरो पर, वाट्सएप-फेसबुक पर बनाए जा रहे ग्रुप

### पुराने चेहरों के साथ-साथ नये चेहरे भी आजमायेंगे किस्मत, आरक्षण रोस्टर का हैं इंतजार

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**

**राजू यादव**

पंचायत चुनाव की आहट आते ही टाटीझरिया में पंचायत चुनाव की तैयारी जोर पकडने लगा है। इस बार युवा उम्मीदवार भी मैदान में उतरने की तैयारी में है। इस बार इनकी तादाद अधिक होने की संभावना है। इनमें कुछ ने सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को रिझाने का कार्य भी तेज किया है। तो कुछ अभी से गली-गली जनसंपर्क करना भी चालू कर दिए हैं। गांवों में प्रचार-प्रसार लेकर पंचायतों के विकास तक की बातें तेज हो गई है। पुराने चेहरों के साथ नए चेहरे भी इस चुनाव में अपनी किस्मत को आजमाने की तैयारी में हैं। अगले कुछ महीनों में चुनाव की संभावना है। चुनाव चिन्ह को लेकर भी सोशल मिडीया से प्राप्त चिन्ह की चर्चा होने लगी है। ज्ञात हो कि जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य के सीटों पर चुनाव होना हैं। इन सीटों पर चुनाव को लेकर ग्रामीण इलाकों में सरगर्मी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिला परिषद सदस्य का सीट अनारक्षित अन्य होने




पर कई उम्मीदवार ताल ठोंकते नजर आ रहे हैं। पंचायत चुनाव लड़ने के लिए

**युवा ठोक रहें हैं ताल :**

पंचायतों में होने वाले चुनाव पर पुराने दिग्गजों के अलावा युवा वर्ग के उम्मीदवारों की नजर है। तमाम राजनीतिक दल के कार्यकर्ता भी पंचायत चुनाव में कई पदों पर अपनी किस्मत आजमाने की तैयारी में जुटे हैं। गांवों में संभावित प्रत्याशियों की सरगर्मी हर दिन बढ़ती जा रही है। संभावित उम्मीदवार अपनी संभावनाओं को टटोल रहे हैं। बहरहाल वर्तमान समय में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर दावेदारी व तैयारी तेज होती जा रही है।

**सोशल मीडिया का हो रहा है जमकर उपयोग :**

वैसे अभी तक पंचायत चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन चुनावी अखाड़े में उतरने को बेताब उम्मीदवारों ने सोशल मीडिया को बड़ा प्लेटफार्म बना दिया है। खासकर पहली बार मैदान में उतरने वाले युवा प्रत्याशियों ने अभी से सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। खासकर फेसबुक, व्हाट्सएप पर पंचायत के नाम से पेज और ग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ा जा रहा है। ग्रुप में संभावित उम्मीदवारों द्वारा ऐसे दावे किए जा रहें हैं कि उनकी जीत होते ही पूरे पंचायत में विकास की गंगोत्री बहा देंगे, इलाके का पूरा इतिहास और भूगोल ही बदल देंगे ऐसे दावे किए जा रहे। जीत के बाद कौन क्या करेगा यह तो वक्त ही बतायेगा। फिलहाल चुनावी सरगर्मी उम्मीदवारों के सर चढ़ कर बोलने लगा है।

## विष्णुगढ़ में चक्रवात 'गुलाब' का दिखा असर, आधे दर्जन से अधिक कच्चे मकान हुए जमींदोज

### प्रशासन प्रभावितो के सहायता के लिए अब तक नही आया आगे

**अपेम लाइव:विष्णुगढ़**

**मिथलेश कुमार वर्मन**

विष्णुगढ़ में चक्रवाती बारिश 'गुलाब' अपने पूरे रंग में दिख रहा है। इस असरदार बारिश के कारण क्षेत्र में काफी तबाही हुई है। बीते 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण प्रखंड की प्रमुख नदियों में जमुनियां, कोनार समेत अन्य बरसाती नदियां भी उफान पर है। क्षेत्र के सभी तालाबों, डैम तथा चेकडैम का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है। जमुनियां डैम में उच्च जलस्तर के कारण कई फाटक खोल दिए गए हैं। इधर, धान के खेतों में पानी लबालब हैं। बारिश की वजह से मिट्टी ढ़ीली होने के कारण इलाके के कई जगह विशाल पेड़ धाराशायी हुए हैं। कई गांवों की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हुई है। अचलजामो में कोनार नहर लिकेज हो गया है। जगह जगह जलजमाव से लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड के विभिन्न गांवों में आधे दर्जन से अधिक कच्चे मकान जमींदोज होने की सूचना है। मड़मो पंचायत के चटकरी गांव में पारो देवी पति बंधु साव का कच्चा घर तेज बारिश की वजह से ढ़ह गया। इसके अलावा सारुकुदर पंचायत के फाराचांच में रेवतलाल महतो पिता स्व. नेमचंद महतो, विष्णुगढ़ पंचायत में सरयू ठाकुर, चानो पंचायत के झापाटांड में दर्शन महतो का भी कच्चा घर ढ़हने की



बारिस से ध्वस्त मकान



जमुनिया डैम का पाटख खुला

खबर है। इसके अलावा प्रखंड के अन्य कई गांवों में भी कच्चे घर ढ़हने या आंशिक क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। इस चक्रवाती मूसलाधार बारिश के कारण घर ढ़हने से पीड़ित परिवारों के समक्ष फिलहाल रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रशासन द्वारा भी अब तक प्रभावितों के लिए राहत का कोई उपाय नहीं किया गया है।

## टाटीझरिया लाईन होटल से छोटा डहरभंगा मार्ग की स्थिति बारिश में बन जाता है नारकीय

### खराब रास्ते के कारण रिश्तेदार आने में करते हैं आनाकानी

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**

**राजू यादव**



टाटीझरिया लइन होटल से डहरभंगा रोड की जर्जर स्थिति

टाटीझरिया लाईन होटल से छोटा डहरभंगा तक की लगभग दो किलोमीटर मुख्य सडक की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। स्थिति ऐसी हो चुकी है कि अब रिश्तेदार भी आने में आनाकानी करने लगे हैं। यहां के ग्रामीण बरसात आते ही नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं। निकासी की व्यवस्था नहीं होने से बरसाती पानी सड़क में जमा हो जाता है। लगातार बारिश के बाद स्थिति भयावह हो गई है। यदि आप इस रास्ते से सफर करते हैं तो आपको एक तालाब होकर गुजरना होगा। माफ कीजिये यहां तालाब लिखना मजबूरी भी हो गया है। आप दूर से ही इसे देखकर यही कहेंगे। यहां सड़क पर लगभग 100 फ़ीट लंबाई तक सड़क पर तालाब-सा दृश्य दिख जाएगा। इसके मरम्मति के लिए ग्रामीणों ने सैकड़ों बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक पदा. धिकारियों के समक्ष गुहार लगाई है। लाईन होटल से छोटा डहरभंगा तक की सडक की स्थिति बदहाल है। वर्ष 2016 में जब एनएच 100 पर अवस्थित कुबरी नदी का डायभरसन टूट गया था, तब इसी सड़क के सहारे छोटी-बड़ी गाड़ियों का परिचालन हो रहा था। तब ही इस सड़क पर दर्जनों गड्ढे बन गए और अब लगभग पांच वर्ष पूरा होने के बाद भी इन गड्ढों को भरने को किसी ने दिलचस्पी नहीं ली। सांसद, विधायक, डीसी को इस खराब सड़क की मरम्मति के लिए ग्रामीण गुहार लगा रहें हैं। सबसे ज्यादा परेशानी गड्ढे के किनारे रह रहे लोगों को है। हमेशा उन्हें अथवा उनके घर की दीवारों पर कीचड़युक्त पानी के छींटे पड़ ही जाते हैं। कई मोटरसाइकिल सवार इस गड्ढे में गोता भी लगा चुके हैं।


## प्रखंड स्तरीय कृषि चौपाल कल

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**

**राजू यादव**

टाटीझरिया प्रखंड में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय खरीफ कृषि चौपाल का आयोजन 1 अक्टूबर को किया गया है। यह चौपाल पंचायत भवन डहरभंगा के बगल में 11 बजे पूर्वाह्न से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं किसानों को बुलाया गया हैं इस कार्यक्रम में किसानों के लिए चलाए जा रहे सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

APEM LIVE




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी